# राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में विश्व बाघ दिवस का आयोजन

**दिनांकः 29/07/2025**

---

विश्व बाघ दिवस के अवसर पर राज्य वन अनुसंधान संस्थान (SFRI), जबलपुर में दिनांक 29/07/2025 को बाघों के संरक्षण के उद्देष्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन श्री प्रदीप वासुदेवा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक के निर्देशन मे किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री संदीप फैलोज, उप संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान (SFRI), जबलपुर द्वारा सभी प्रतिभागियों को बाघ एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर किया गया। इसके पश्चात डॉ. मयंक वर्मा, वैज्ञानिक, वन्यजीव प्रभाग द्वारा पावर पॉईंट प्रस्तुति के माध्यम से बाघ संरक्षण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर संस्थान के विभिन्न प्रभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं श्री गुरुतेग बहादुर खालसा महाविद्यालय, जबलपुर के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

अंत में प्रतिभागियों ने राज्य वन अनुसंधान संस्थान के संग्रहालय का भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंजना राजपूत, डॉ. उदय होमकर, डॉ. ए.के. शर्मा एवं डॉ. शैलेन्द्र सिंह यादव एवं शुभी सोनी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार श्री एस.एस. रघुवंशी द्वारा किया गया।
















दैनिक भास्कर, जबलपुर दिनांक 30/07/2025

# बाघों के संरक्षण की ली शपथ

## टाइगर डे पर राज्य वन अनुसंधान संस्थान में हुआ आयोजन



**जबलपुर।** विश्व बाघ दिवस पर राज्य वन अनुसंधान संस्थान द्वारा बाघों के संरक्षण के मकसद से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक प्रदीप वासुदेवा के निर्देशन में हुआ। शुभारंभ संदीप फैलोज, उप संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान ने सभी प्रतिभागियों को बाघ एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर किया। डॉ. मयंक वर्मा, वैज्ञानिक, वन्य जीव प्रभाग द्वारा पॉवर प्वॉइंट पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. अंजना राजपूत, डॉ. उदय होमकर, डॉ. ए.के. शर्मा, डॉ. शैलेन्द्र सिंह यादव एवं शुभि सोनी का विशेष योगदान रहा। संचालन एवं आभार प्रदर्शन एस.एस. रघुवंशी ने किया।पी-2